# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर (राज.)

# राष्ट्रीय निष्पत्ति सर्वे

**(National Achievement Servey)**

# लर्निंग आउटकम्स आधारित प्रश्न बैंक

## कक्षा – 8

## विषय – हिंदी

## शिक्षाक्रम एवं मूल्यांकन विभाग – 9

निर्देशः– नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (1 से 5 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।

खेल हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास के साधन हैं। खेलों से हम अनुशासन, संगठन, साहस, आत्मविश्वास तथा एकाग्रता जैसे गुणों को प्राप्त करते हैं। खेलों से मनुष्य का चरित्र ऊँचा उठता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। खेल भावना का अर्थ हार–जीत में एक समान रहता है। खेल भावना खेल द्वारा सीखी जा सकती है। खेलों में हार को सहजता से झेलना और जीत को सहजता से लेना–ये दोनों गुण खेलों की देन है।

**1. खेलों से कौनसा गुण प्राप्त नहीं होता?**

1. अनुशासन
2. आज्ञापालन
3. शरारत
4. आत्म विश्वास

**2. गद्यांश में 'हार' शब्द का विलोम कौनसा आया है?**

1. गुण
2. साहस
3. स्वस्थ
4. जीत

**3. हमारे जीवन में सर्वांगीण विकास का साधन क्या है?**

1. सिनेमा
2. आलस
3. खेल
4. नशा

**4. खेलों से हम कौनसे गुण सीखते हैं?**

1. अनुशासन, संगठन
2. साहस, आत्मविश्वास
3. एकाग्रता
4. उक्त सभी

**5. इनमें से खेल का प्रकार नहीं है–**

1. क्रिकेट
2. कबड्डी
3. रेफरी
4. साफ्टबॉल

**6. 'संप्रभुता' शब्द का संबंध है–**

1. राजनीति विज्ञान से
2. गणित से
3. पर्यावरण से
4. जीव विज्ञान से

**7. “सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दुस्तान हमारा” पंक्ति में क्या भाव है–**

1. प्रकृति प्रेम
2. देश प्रेम
3. राजनीतिक प्रेम
4. कोई नहीं

**8. निम्नलिखित में से कौनसा राज्य रेगिस्तानी है–**

1. बिहार
2. उत्तर प्रदेश
3. पंजाब
4. राजस्थान

**9. पंद्रह दिन के समूह को क्या कहते हैं?**

1. सप्ताह
2. मास
3. पखवाड़ा
4. वर्ष

**10. निम्नलिखित में से संचार का साधन नहीं है–**

1. टी. वी.
2. रेडियों
3. मोबाइल
4. बस

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (11 से 16 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

कलम हाथ में लेते ही हमारे सिर पर बड़ी भारी जिम्मेदारी आ जाती है। साधारणतः युवावस्था में हमारी निगाह पहले विध्वंस करने की ओर जाती है। हम सुधार करने की धुन में अंधाधुंध शर चलाना शुरू करते हैं। खुदाई फौजदार बन जाते हैं परंतु आँखे काले धब्बों की ओर पहुँच जाती हैं। यथार्थवाद के प्रवाह में बहने लगते हैं। बुराइयों के नग्न चित्र खींचने में कला की कृतकार्यकता समझते हैं। यह सत्य है कि कोई मकान गिराकर ही उसकी जगह नया मकान बनाया जाता है। पुराने ढकोसलों और बंधनों की जरूरत है, पर इसे साहित्य नहीं कह सकते। साहित्य तो वही है, जो साहित्य की मर्यादाओं का पालन करे। हम अक्सर साहित्य का मर्म समझे बिना ही लिखना शुरू कर देत हैं।

शायद हम समझते हैं कि मजेदार, चटपटी और ओजपूर्ण भाषा में लिखना ही साहित्य हैं। भाषा भी साहित्य का अंग है, पर स्थाई साहित्य विध्वंस नहीं करता है, निर्माण करता है। हममें से जो युवक साहित्य को अपने जीवन का ध्येय बनाना चाहते हैं, उन्हें बहुत आत्मसंयम की आवश्यकता है, क्योंकि वह स्वयं को एक महान् पद के लिए तैयार कर रहे हैं, जो अदालतों में बहस करने या कुर्सी पर बैठकर मुकदमे का फैसला करने से कहीं ऊँचा है। उसके लिए डिग्रियाँ और ऊँची शिक्षा काफी नहीं है। चित्त की साधना, संयम, सौन्दर्य व तत्व का ज्ञान–इसकी कहीं ज्यादा जरूरत है।

**11. युवावस्था में हमारी निगाह सबसे पहले किस ओर जाती है?**

1. सुधार की ओर
2. विध्वंस की ओर
2. निर्माण की ओर
3. मर्यादा की ओर

**12. साहित्य किसे कहा गया है?**

1. ओजपूर्ण भाषा में लिखना साहित्य है।
2. साहित्य की मर्यादा का पालन, साहित्य है।
3. कलम हाथ में लेना ही साहित्य है।
4. ये सभी

**13. जो युवक साहित्य को अपना ध्येय बनाना चाहते हैं, उन्हें किसकी आवश्यकता है?**

1. बुराइयों के नग्न चित्र खींचने की
2. अंधाधुंध शर चलाने की
2. आत्मसंयम की
4. डिग्रियों की

**14. 'निर्माण' शब्द का विलोम शब्द क्या है?**

1. अंधाधुंध
2. बुराई
3. कृतकार्यता
4. विध्वंस

**15. 'युवावस्था' शब्द का संधि विच्छेद होगा।**

1. युव+वस्था
2. युवा+अवस्था
3. युवा+इस्था
4. युव+अवस्था

**16. 'शर' शब्द का क्या अर्थ है?**

1. सिर
2. तीर
3. शरारत
4. शर्म

**17. निम्नलिखित में से 'इक' प्रत्यय किस शब्द में लगा है?**

1. सर्वाधिक
2. सामाजिक
2. राजनीति
4. मालिक

**18. "वसुधा" शब्द का क्या अर्थ है?**

1. धरती
2. आकाश
3. जल
4. वायु

**19. 'कमल' शब्द में कितने स्वर हैं?**

1. दो
2. तीन
3. एक
4. चार

**20. निम्नलिखित शब्दा में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

1. विदायक
2. विधायक
3. विधायिक
4. कोई नहीं

**21. "राजकुमारी रत्नावती दुश्मनों के दाँत खट्टे कर रही थी। "यहाँ "दाँत खट्टे करना" एक मुहावरा है। इसका उपयुक्त अर्थ है–**

1. हार मानना
2. पराजित करना
2. भाग जाना
4. मजाक उड़ाना

**22. निम्न में से 'नरेश' शब्द का संधि विच्छेद होगा।**

1. नरा +इश
2. नरे+ईश
3. नर +इश
4. नर +ईश

**23. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें उचित विराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है।**

1. हाय मेरी बकरी मर गई।
2. क्या तुम कल विद्यालय जाओगे।
3. अरे ! तोता पिंजरा तोड़कर उड़ गया।
4. राम मोहन क्या कर रहे हैं।

**24. निम्नलिखित शब्दों में 'फूल' का पर्यायवाची नहीं है।**

1. सुमन
2. कुसुम
3. जलज
4. प्रसून

**25. 'हिन्दी' भाषा किस लिपि में लिखी जाती है–**

1. रोमन
2. देवनागरी
3. मराठी
4. उर्दू

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प (26 से 30 तक) पर गोला बनाइए।**

अन्नाहार पर मेरी श्रद्धा दिन–दिन बढ़ती गई है। साल्ट की किताब से आहार के विषय में पढ़ने की भूख तेज हो गई। जितनी पुस्तकें मिलीं, खरीद कर पढ़ डालीं। उनमें हावर्ड़ विलियम की 'आहार नीति' नाम की पुस्तक में विभिन्न युगों के ज्ञानियों, अवतारों और पैगम्बर के आहार और आहार विषयक विचारों का वर्णन मिला। पाइथोगोरस, ईसा इत्यादि को उसने केवल अन्नाहार करने वाला सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। डॉक्टर श्री मती अना क्रिसफर्ड़ की 'उत्तम आहार की रीति' नामक पुस्तक भी आकर्षक थी।

मेरे बारे में मेरे एक मित्र की चिंता अब तक दूर नहीं हुई थी। उन्होने प्रेम के वश यह मान लिया था कि मांसाहार न करने से मैं कमजोर हो जाऊँगा।

**26. हावर्ड विलियम्स की 'आहार नीति' नामक पुस्तक में किस विषय में लिखा गया –**

(1) अन्नाहार पर श्रद्धा से

(2) विभिन्न युगों के ज्ञानियों, पैगम्बरों के आहार विषयक विचारों से

(3) मांसाहार न करने से

(4) उपर्युक्त सभी विषयों

**27. "अन्नाहार पर मेरी <u>श्रद्धा</u> दिन–दिन बढती गई।" रेखाकिंत शब्द है –**

(1) संज्ञा

(2) सर्वनाम

(3) विशेषण

(4) क्रिया विशेषण

**28. श्री मती अना क्रिसफर्ड़ की पुस्तक का नाम है–**

(1) आहार नीति

(2) उत्तम आहार की रीति

(3) अन्नाहार

(4) उपर्युक्त सभी

**29. 'शाकाहार' का विलोम शब्द है।**

(1) अन्नाहार

(2) मांसाहार

(3) आहार

(4) अनाहार

**30. 'अन्नाहार' शब्द का संधि विच्छेद हैं।**

(1) अन्ना+हार

(2) अन्न+आहार

(3) अन्न+हार

(4) अ+नाहार

**31. 'ज्ञ' किन वर्णों के मेल से बना है–**

1. त्+र
2. द्+य
3. ज्+य
4. क्+ष

**32. 'हिंदी' दिवस' कब मनाया जाता है?**

1. 14 नवम्बर
2. 14 सितम्बर
3. 5 जून
4. 1 दिसम्बर

**33. निम्नलिखित शब्दों में 'मछली' का बहुवचन होगा–**

1. मछलि
2. मछलियाँ
3. मछलीयाँ
4. मछली

**34. यदि आपको शब्दकोष में वृद्धि करनी है, तो आप कहाँ जाना उचित समझोगे?**

1. प्रयोगशाला कक्ष
2. पुस्तकालय
3. कक्षाध्यापक कक्ष
4. आंगनवाड़ी

**35. हम निबंध का प्रारम्भ कहाँ से करते हैं?**

1. उपसंहार
2. प्रस्तावना
3. संबोधन
4. उपर्युक्त सभी स

**.नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (36 से 42 तक) के सही विकल्प को चुनिए।**

हमारे देश में नगरों के आस–पास की कच्ची बस्तियों में, गाँव एवं ढाणियों में, विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालयों का अभाव है। इससे खुले में शौच करने से गन्दगी बढ़ती है तथा पेयजल के साथ ही वातावरण भी दूषित होता है। गंदगी के कारण स्वास्थ्य खराब रहता है और अनेक बीमारियाँ फैलती रहती हैं। वर्तमान में देश में लगभग सवा ग्यारह करोड़ शौचालयों की जरूरत है तथा 1.56 लाख विद्यालयों में शौचालय नहीं हैं। अतः स्वच्छता अभियान का पहला उद्देश्य शौचालयों का निर्माण करना तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना है।

भारत सरकार ने इस अभियान को आर्थिक स्थिति से जोड़ा है। स्वच्छता अभियान प्रारम्भ होने के बाद लगभग चार सौ साठ करोड़ रूपये इस कार्य पर खर्च किए गए हैं। गंगा–यमुना नदियों के स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान से आम–जन को बीमारियों से मुक्ति मिलेगी, दवाओं पर व्यर्थ व्यय नहीं करना पड़ेगा। प्रदूषण का स्तर घट जाएगा और जल–मल के उचित निस्तारण से पेयजल भी शुद्ध बना रहेगा। स्वच्छता अभियान से देश का पर्यावरण हर दिशा में स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त हो जाएगा। तथा गाँधी जी की 150 वीं जयंती तक देश को स्वच्छ करने का सपना साकार होगा।

**36. उपर्युक्त गद्यांश का समुचित शीर्षक होगा–**

1. पर्यावरण प्रदूषण
2. शौचालय निर्माण
2. स्वच्छता अभियान
4. पेयजल व्यवस्था

**37. वर्तमान में देश में लगभग कितने शौचालयों की जरूरत है–**

1. सवा ग्यारह करोड़
2. ग्यारह करोड़
2. 1.56 लाख
4. दस करोड़

**38. विशेष रूप से किन नदियों के लिए स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है –**

1. कृष्णा नदी
2. गंगा नदी
3. यमुना नदी
4. गंगा–यमुना नदी

**39. गाँधी जी की 150 वीं जयंती तक देश का कौनसा सपना साकार होगा–**

1. साक्षरता का
2. दुर्घटना मुक्ति का
3. स्वच्छ भारत का
4. पोलियों मुक्ति का

**40. ''स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना है।'' वाक्य में विशेषण शब्द बताइए –**

1. स्वच्छ
2. पेयजल
3. व्यवस्था
4. करना

**41. ''खुले में शौच करने से गंदगी बढ़ती है। ''वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम क्या है –**

1. चढ़ाई
2. अभाव
3. घटती
4. खराब

**42. पेयजल से आशय है –**

1. पानी का जलना
2. पीने का पानी
3. धोने का पानी
4. खेती का पानी

**43. निम्नलिखित में से बाल पत्रिका नहीं है–**

1. बाल भास्कर
2. नंदन
3. चंपक
4. सरस सलिल

**44. विद्यालय के सन्दर्भ में हम प्रार्थना पत्र किसे सम्बोधित करके लिखते हैं?**

1. अध्यापक
2. प्रधानाध्यापक
3. शारीरिक शिक्षक
4. पुस्तकालयाध्यक्ष

**45.** **निम्नलिखित में अखबार प्रकाशन में किसकी भूमिका नहीं होती?**

1. प्रकाशक
2. पत्रकार
3. संपादक
4. अध्यापक

**46.** **'ण' वर्ण किस वर्ग का पंचम वर्ण है?**

1. क वर्ग
2. ट वर्ग
3. प वर्ग
4. त वर्ग

**47.** **'प्रेस' को हिंदी में क्या कहते हैं?**

1. संग्राहलय
2. छापाखाना
3. पुस्तकालय
4. ग्रंथालय

**48.** **निम्नलिखित भाषाओं को उनकी लिपियों से मिलाया गया है। इनमें से एक भिन्न है, उसे बताइए।**

1. हिंदी — देवनागरी
2. अंग्रेजी — रोमन
3. पंजाबी — फारसी
4. उर्दू — खरोष्ठी

**49.** **निम्नलिखित शब्दों में से 'उ' की मात्रा किस शब्द में है?**

1. स्वरूप
2. निरूपण
3. अभिरुचि
4. रूपा

**50.** ''श्रीमान् आज पापा घर पर नहीं हैं।'' वाक्य में रेखांकित शब्द में से हलंत वर्ण कौनसा है?

1. मा
2. न्
3. न
4. मान्

**.नीचे दिए गए पत्र को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों ( 50 से 60 तक) के सही विकल्प को चुनिए।**

सूरजमल नगर
भरतपुर (राज.)

प्रियमित्र महेश, नमस्कार!

आपका पत्र प्राप्त हुआ। पत्र पढ़कर बहुत खुशी हुई कि आपके पिताजी की सेवानिवृत्ति 31 दिसंबर 2017 को होने जा रही है। मैं इस कार्यक्रम में जरूर सम्मिलित होऊँगा।

मैं भी आपके लिए एक खुशखबरी सुना रहा हूँ कि मेरे बड़े भाई की सगाई हो गई हैं तथा 10 जनवरी 2018 को शादी होने जा रही है।

आपको शादी से तीन दिन पहले आना है क्योंकि कुछ विशेष कार्य आप और मैं मिल के करेंगे। मैं आपके साथ शादी का आनंद लेना चाहता हूँ। साथ ही हमारे गाँव को मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना में चयन किया गया है जिसमें हमारे गाँव में एनीकट निर्माण, वॉटर हार्वेस्टिंग जैसे कई कार्य कराए गए हैं। जल संरक्षण का कार्य करते हुए वृक्षारोपण कार्य किया गया है और हमारे गांव को ओ. डी. एफ. (खुले में शौच से मुक्त) घोषित किया है।

अब हमारा गाँव प्राकृतिक रूप से बहुत अच्छा लगने लगा है। आपके साथ घूमकर प्रकृति का आनंद उठाएँगे तो अच्छा लगेगा।

**आपका प्रिय मित्र**
**सागर**

**51. पत्र में प्रेषक कौन है?**

1. सागर
2. महेश
3. उदयपुर
4. बेदला

**52. पत्र कहाँ से लिखा गया है?**

1. उदयपुर
2. भरतपुर
3. बेदला
4. महेश को

**53. पत्र किसने–किसको लिखा है?**

1. महेश ने सागर को
2. सागर ने महेश को
3. महेश ने बड़े भाइ को
4. सागर ने पिताजी को

**54. किसके पिताजी की सेवानिवृत्ति हो रही है?**

1. सागर के
2. महेश के
3. बड़े भाई के
4. छोटू के

**55. सागर के गाँव को किस योजना में चयन किया गया है?**

1. मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना
2. जल संरक्षण योजना
3. वृक्षारोपण योजना
4. प्राकृतिक योजना

**56. पत्र किस श्रेणी का लिखा गया है?**

1. व्यक्तिगत
2. कार्यालयी
3. व्यापारिक
4. प्रार्थना पत्र

**57. पत्र में ODF का क्या अर्थ बताया है?**

1. हमारा गाँव
2. खुले में शौच से मुक्त
3. प्राकृतिक रूप से अच्छा
4. मुख्यमंत्री स्वावलम्बन

**58. सागर, महेश को क्या खुशखबरी देना चाहता है?**

1. संगाई व शादी की
2. सेवानिवृति का
3. मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना का
4. जल संरक्षण योजना का

**59. सेवानिवृत्ति का अर्थ है–**

1. सरकारी नौकरी समाप्त
2. सरकारी नौकरी पूर्ण
3. सरकारी नौकरी निलंबित
4. सरकारी नौकरी नियमित

**60. स्वावलंबन का विग्रह है–**

1. स्व और आवलंबन
2. स्व और अवलंबन
3. स्वा और अवलंबन
4. स्वा और आवलंबन

**नीचे दी गई तालिका को पढ़कर, दिए गए प्रश्न 61–65 के सही विकल्प को चुनिए –**

| विशेषताएँ शिक्षक का नाम | वेद प्रकाश | दिनेश चन्द | शिव कुमार | रामप्रसाद |
|---|---|---|---|---|
| विषय जो पढ़ाते हैं। | संस्कृत | हिंदी | हिन्दी | गणित |
| आयु | 25 | 35 | 25 | 35 |
| ड्रेस का रंग | लाल | नीला | लाल | नीला |
| वाहन जिससे विद्यालय आते हैं? | कार | बस | बस | कार |

**61. वह अध्यापक जो ग्रामीण हैं, बस से विद्यालय आते हैं, हिंदी पढ़ाते हैं–**

1. वेद प्रकाश
2. दिनेश चन्द
3. शिव कुमार
4. रामप्रसाद

**62. नीली ड्रेस वाले, 35 वर्ष की आयु वाले अध्यापक जो गणित पढ़ाते हैं–**

1. वेद प्रकाश
2. दिनेश चन्द
3. शिव कुमार
4. रामप्रसाद

**63. हिंदी पढ़ाने वाले अध्यापक जो लाल ड्रेस पहनते हैं–**

1. वेद प्रकाश
2. दिनेश चन्द
3. शिव कुमार
4. रामप्रसाद

**64. लाल ड्रेस पहने, अध्यापक जी जो 25 वर्ष की आयु के हैं विद्यालय कार से आते हैं–**

1. वेद प्रकाश
2. दिनेश चन्द
3. शिव कुमार
4. रामप्रसाद

**65. लाल ड्रेस पहने, अध्यापक जी जो 25 वर्ष की आयु के हैं विद्यालय कार से आते हैं–**

1. वेद प्रकाश
2. दिनेश चन्द
3. शिव कुमार
4. रामप्रसाद

निम्नांकित तालिका को ध्यान पूर्वक पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्नों (66 से 70) के उत्तर निहित लोकोक्तियों के आधार पर दीजिए –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आँख | चुपड़ी | गाँठ | बाँटे | x |
| x | रेवड़ी | का | निरोगी | नयन |
| पहला | काया | क्या | अन्धा | दिखाना |
| और | चाहे | नाम | को | सुख |
| फिर | अपनों | दो | पूरा | देत |

66. 'नाम के विपरीत शरीर की स्थिति' वाली लोकोक्ति है –
1. आँख का अंधा काया निरोगी
2. आँख का अंधा नाम नयन सुख
3. अंधा क्या चाहे दो आँख
4. चुपड़ी और दो–दो

67. 'इच्छित वस्तु मिलना' अर्थ वाली लोकोक्ति है –
1. पहला सुख निरोगी काया
2. काया चुपड़ी अंधा रेत
3. पहला चाहे पूरा–पूरा
4. अंधा क्या चाहे दो आँख

68. 'इच्छित वस्तु, अधिक मात्रा में प्राप्त होना' वाली लोकोक्ति है–
1. काया क्या चाहें, निरोगी गांठ
2. चुपड़ी और दो–दो
3. अंधा क्या चाहे दो आँख
4. आँख का अंधा नाम नयन सुख

69. "स्वार्थी द्वारा अपनों को लाभ पहुँचाना" वाली कहावत है–
1. पहला सुख निरोगी काया
2. चुपड़ी और दो–दो
3. अंधा बाँटे रेबड़ी, फिर–फिर अपनों को देत
4. आँख का अंधा नाम नयन सुख

70. "अच्छा स्वास्थ्य उत्तम सुख हैं" वाली कहावत है–
1. आँख का अंधा, नाम नयन सुख
2. आँख दिखाना
3. अंधा क्या चाहे दो आँख
4. पहला सुख, निरोगी काया

**निम्नलिखित विकल्पों में से सार्थक वाक्य पर गोला कीजिए। (71 से 75 तक)**

**71.** (1) प्रातः विद्यालय जाता है राम।
(2) विद्यालय जाता है राम प्रातः।
(3) राम विद्यालय जाता है प्रातः।
(4) राम प्रातः विद्यालय जाता है।

**72.** (1) शिव पुस्तक लेने जाता है बाजार में।
(2) शिव बाजार में पुस्तक लेने जाता है।
(2) शिव पुस्तक लेने बाजार में जाता है।
(4) पुस्तक लेने बाजार में जाता है शिव।

**73.** (1) पर्वतराज की तलहटी में अनेक प्रकार की पाई जाती हैं जड़ी बूटियाँ।
(2) पर्वतराज की तलहटी में अनेक प्रकार की जड़ी बूटियाँ पाई जाती हैं।
(3) जड़ी बूटियाँ पाई पर्वतराज की तलहटी में अनेक प्रकार की जाती हैं।
(4) तलहटी में पर्वतराज की अनेक प्रकार की जड़ी बूटियाँ पाई जाती हैं।

**74.** (1) भारत के प्रधानमंत्री ने गरीबों को दान दिया।
(2) प्रधानमंत्री ने भारत के दान दिया गरीबों को।
(3) भारत के प्रधानमंत्री ने दान को गरीबों दिया।
(4) गरीबों के प्रधानमंत्री ने भारत को दान दिया।

**75.** (1) सम्पत, मनीष और गणेश दूरदर्शन देख रहे हैं।
(2) दूरदर्शन सम्पत, मनीष और देख गणेश रहे हैं।
(3) सम्पत, मनीष देख रहे और गणेश दूरदर्शन हैं।
(4) देख रहे सम्पत, मनीष और गणेश दूरदर्शन हैं।

**नीचे दिए गए कवितांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (76 से 80 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

*क्या करोगे अब?*
*समय का*
*जब प्यार नहीं रहा।*
*सर्वसहा पृथ्वी का*
*आधार वहीं रहा।*
*न वाणी साथ है*
*न पानी साथ है*
*न कहीं प्रकाश है स्वच्छ*
*जब सब कुछ मैला है*
*आसमान*
*गंदगी बरसाने वाले*
*एक अछोर फैला है*
*कहीं चले जाओ*
*विनती नहीं है*

*वायु प्राणप्रद*
*आदमकद आदमी*
*सब जग से*
*गायब हैं।*

**76.** **कवि ने धरती के बारे में क्या कहा है ?**

(1) रत्नगर्भा

(2) आधारशिला

(3) सर्वसहा

(4) माँ

**77.** **'आदमकद आदमी' से क्या तात्पर्य है ?**

(1) ऊँचे कद का आदमी

(2) सम्पूर्ण मनुष्य

(3) मानवीयता से भरपूर आदमी

(4) सामान्य आदमी

**78.** **आसमान की तुलना किससे की गई है –**

(1) समुद्र से

(2) नीली झील से

(3) पतंग से

(4) गंदगी बरसाने वाले थैले से

**79.** **प्राणदान का तात्पर्य है–**

1. प्राणों को पूर्ण करने वाला
2. प्राण प्रदान करने वाला
3. प्राणों को प्रणाम करने वाला
4. प्राणों को छीन लेने वाला

**80.** **कवि समय से कब और क्यों कतराना चाहता है?**

(1) किसी के पास बात करने का समय नहीं

(2) किसी को दो क्षण बैंठने का समय नहीं

(3) किसी को प्यार करने का समय नहीं

(4) किसी को जप माने का समय नहीं।

81. **नीचे दिए गये शब्द समूह में कौनसे समान अर्थ वाले हैं?**

1. जलद, वारिद, पयोद, अम्बुद
2. जलज, वारिद, पयोद, अम्बुद
3. जलद, वारिज, पयोद, अम्बुद
4. जलद, वारिद, पयोद, अम्बुज

82. **नीचे दिये गये विकल्पों में से किस विकल्प में द्वन्द्व समास है?**

1. दशानन
2. लम्बोदर
3. सीता–राम
4. सप्ताह

83. **''काला घोड़ा तेज दौड़ रहा है।'' वाक्य में क्रिया विशेषण छांटिए –**

1. काला
2. घोड़ा
3. तेज
4. दौड़

84. **''आम, अनार, फल, केला'' शब्द समूह में से भिन्न शब्द छांटिए –**

1. आम
2. अनार
3. फल
4. केला

85. **''कमलकांत एक बार परीक्षा देने जयपुर गया।'' वाक्य में संज्ञा शब्द कौनसा है?**

1. बार
2. कमलकांत
3. देने
4. गया

**नीचे दिए गए कवितांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (86 से 92 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

विधाता की इस अनोखी सृष्टि में नर–नारी जीवन रथ के दो पहिये हैं। परन्तु पुरुष सत्तात्मक समाज में कन्या भ्रूण हत्या का पर्याय बनकर बालक–बालिका के समाज अनुपात को बिगाड़ रहा है। आज बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं जैसी समया का नारा देना हमारे लिए सोचनीय हैं। ''यग नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'' ऐसी श्रेष्ठ परम्परा वाले देश के लिए यह नारा कलंक है।

वर्तमान में मध्यम वर्गीय समाज बालिकाओं को पढ़ाने की दृष्टि से अपनी परम्परावादी सोच को ही महत्व देता चला आ रहा है, क्योंकि वह बेटी को पराया धन ही मानता है वहीं पुत्र को कुल परम्परा को बढ़ाने वाला मानता है। ''बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'' जैसा समस्यात्मक अभियान आज हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या के रूप में आकर खड़ा हो गया है। इस समस्या के लिए हमें रूढ़िवादी सोच का परित्याग करना चाहिए।

ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए परिवर्तित सोच से ही बिगड़ते लिंगानुपात में सुधार होगा और बेटियों को समाज में सम्मान जनक स्थान प्राप्त होता। हम समझ जाएँगे कि बेटी घर का भार नहीं, घर की रोशनी ही होती हैं

**86. विधाता ने जीवन रथ के दो पहिये किसे माना है?**

1. कन्या
2. समाज
3. नर–नारी
4. मध्यम वर्ग

**87. परम्परावादी समाज में बेटी को क्या मानते हैं?**

1. कुल परम्परा को बढ़ाने वाली
2. पराया धन
3. अभिशाप
4. कुल दीपिका

**88. हमारा देश 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ'' नारा देकर किस समस्या से मुक्त होना चाहता है?**

1. सामाजिक
2. राजनीतिक
3. प्राकृतिक
4. आर्थिक

**89. लिंगानुपात शब्द की संधि विच्छेद क्या होगा?**

1. लिंगा+ नुपात
2. लिंगानु+पात
3. लिंगा+ अनुपात
4. लिंग+ अनुपात

**90. 'मरण' शब्द का विपरीतार्थ शब्द छांटिये –**

1. मृत्यु
2. अनोखी
3. जीवन
4. विधाता

**91. ''पुत्र कुल परम्परा को बढ़ाने वाला है।'' यह विचार है–**

1. पारंपरिक
2. आधुनिक
3. प्रगतिशील
4. समसामयिक

**92. 'बालक–बालिका' का समास विग्रह कीजिए –**

1. बालक और बालिका
2. बालक से बालिका
3. बालक की बालिका
4. बालक के साथ बालिका

**नीचे दिए गए लघु संवाद को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (93 से 100 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

पिता – (माँ से) अरे लल्ला को दूध के साथ बादाम दिए थे? कॉलेज में जायेगा। मेहनत करेगा। पता नहीं हॉस्टल में कैसा खाना मिलेगा।

माँ – हाँ ये देखा, देने ही जा रही हूँ। (बेटी आकर दो–तीन बादाम खा लेती है।)

पिता – इतनी बड़ी हो गई। काम–धाम सीखती नहीं, चली है बादाम खाने।

बेटी – बाबूजी हम भी तो कॉलेज जायेंगे।

पिता – दिमाग खराब है? आठवीं हो गई, बहुत है/तुम्हारी शादी समझो पक्की है।

बेटी – शादी? मुझे अभी पढ़ना है।

माँ – शादी तय हो रही है? हमको भी नहीं बताया?

पिता – चुप ! दोनों लोग चुप ! घर कौन चलाता है– मैं या तुम? (पत्नी से) और तुम क्या आँखें फाड़ रही हो? तुम तो इससे भी छोटी थी जब हमारी शादी हुई थी।

माँ – छोटी थी, इसीलिए इतनी परेशानी में रही/ना तुम्हें समझ थी ना मुझे/ना घर सम्भाल पाती थी, ना खुद को सम्भाल पाती थी, ना बच्चों को। लेकिन इसे अभी और पढ़ने दूंगी।

(पिता के मित्र आते हैं)

मित्र – क्या चल रहा है? किसकी पढ़ाई छूट रही है?

बेटी – चाचा, मुझे अभी पढ़ना है/अभी बहुत कुछ करना है।

पिता – क्यों, काफी नहीं हो गई पढ़ाई? थोड़े दिनों में ब्याह भी करना है।

मित्र – अरे यह तो बिटिया के साथ नाइंसाफी है। जितना चाहे उतना पढ़ना और आगे बढ़ना उसका अधिकार है। छोटी सी उम्र में कैसे घर सम्भालेगी? घरेलू हिंसा होगी तो विरोध भी नहीं कर पायेगी।

पिता – अरे ये तो घर–घर की कहानी है।

मित्र – बाल–विवाह करना गैर कानूनी है। ऐसा करने वालों को जेल हो सकती है।

पिता – जेल? लड़की की शादी के लिए जेल?

मित्र – लड़की की 18 वर्ष से पहले और लडके की 21 वर्ष से पहले शादी करना गैर कानूनी है/सही समय पर माँ बनेगी तो खुद का और बच्चे का स्वस्थ अच्छी तरह सम्भालेगी।

बेटी – मैं खूब पढ़ूंगी। कुछ करके दिखाऊंगी। (माता बेटी को बादाम खिलाती है।)

**93. इस अनुच्छेद में कौन–कौन पात्र हैं?**

1. बहन, भाई, पिता
2. पिता, माँ, पुत्री, मित्र
3. माँ, पुत्री, भाई
4. बेटी, भाई, पिता, पुत्री

94. “शादी”? मुझे अभी पढ़ना है?” यह कथन किसने कहा

1. माँ
2. बेटी
3. मित्र
4. चाचा

95. “लड़की की ......... वर्ष से पहले और लडके की ......... वर्ष से पहले शादी करना गैर कानूनी है।” वाक्यांश में रिक्त स्थान में निम्नलिखित में से आयेगा।

1. 18–20
2. 18–21
3. 21–18
4. 4. 20–18

96. “आँखें फाड़ना” मुहावरे का अर्थ है।

1. आँख फट जाना
2. आँख निकाल देना
3. आश्चर्य चकित होना
4. आँख खोलना

97. “अरे लल्ला को दूध के साथ बादाम दिए थे?” यहाँ लल्ला शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

1. बेटी
2. पिता
3. बेटा
4. मित्र

98. “लेकिन इसे अभी और पढ़ने दूंगी।” यह कथन किसने–किससे कहा?

1. बेटी ने पिता से
2. पिता ने बेटी से
3. माँ ने पिता से
4. पिता ने माँ से

99. “नाइंसाफी” शब्द में क्या उपसर्ग लगा है?

1. इंसाफी
2. ना
3. साफी
4. इंसाफ

100. अंत में मां बेटी को क्या खिलाती है?

1. बिस्किट
2. केला
3. बादाम
4. रोटी

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (101 से 110 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

प्राचीन काल से ही भारत में श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इसी दिवस को 'संस्कृत दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। गुरू–शिष्य आपस में एक–दूसरे की रक्षार्थ रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा की कामना एवं आश्वासन देते हैं। इसी प्रकार क्षत्रिय समाज में जब वीर योद्धा युद्ध क्षेत्र में जाते थे तब क्षत्राणी उनके तिलक एवं रक्षासूत्र बाँधकर रक्षा की कामना के साथ विदाई देती थी।

कालांतर में यह त्योहार भाई–बहिन के त्योहार के रूप में मनाया जा रहा है। बहिन, भाई के तिलक, पूजा अर्चन कर रक्षा सूत्र बांधती है, भाई को मिठाई खिलाती है तथा भाई भी उसको मिठाई खिलाते हुए उपहार देकर उसकी रक्षा का वचन देता है।

**101. श्रावण मास की पूर्णिमा को पर्व मनाया जाता है–**

1. रक्षाबंधन
2. दीपावली
3. होली
4. ईद

**102. रक्षाबंधन के पर्व के ही दिन और कौनसा पर्व मनाया जाता है?**

1. बाल दिवस
2. संस्कृत दिवस
3. स्वाधीनता दिवस
4. विज्ञान दिवस

**103. क्षत्रिय योद्धा को युद्ध क्षेत्र में जाने पर कौन रक्षा सूत्र बांधती थी?**

1. रानी
2. दासी
3. क्षत्राणी
4. परिचारिका

**104. आजकल रक्षाबंधन किस रूप में मनाया जाने लगा है?**

1. भाई–बहिन
2. पति–पत्नि
3. गुरू–शिष्य
4. मित्र–मित्र

**105. रक्षाबंधन पर रक्षा स्वरूप उपहार दिया जाता है–**

1. बहिन को
2. भाई को
3. मित्र को
4. शिष्य को

**106. 'उपहार' शब्द में उपसर्ग है–**

1. उप
2. हार
3. प्रहार
4. आहार

**107. 'सूत्र' शब्द का अर्थ है?**

1. रक्षा
2. धागा
3. अर्चन
4. वचन

**108. 'मिठाई' शब्द में मूल शब्द है–**

1. मिठाई
2. आई
3. मिठा
4. मीठा

**109. 'प्राचीन' शब्द का अर्थ है–**

1. पूर्व
2. पहला
3. पुराना
4. प्राच्य

**110. श्रावण मास हिंदी वर्ष में किस क्रम पर है–**

1. पाँचवे
2. तीसरे
3. पहले
4. दूसरे

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (110 से 120 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| मोहन | – | बा, तुम्हें मंदिर जाकर क्या मिलता है? |
| बा | – | मिलता क्या भगवान के दर्शन। मन पवित्र होता है। (मोहन को ठोकर लग जाती है) देखकर चला कर बेटा। अभी पूजा की थाली गिर जाती तो मैं पूजा कैस करती ? |
| मोहन | – | माँ क्या पूजा बिना थाली के नहीं हो सकती? |
| बा | – | (चिढ़कर) पूजा थाली नहीं होगी तो पूजा काहे से होगी? |
| मोहन | – | मन से, बा ! मैं भी राम का नाम मन से ही लेता हूँ। बिना मन लगाये पढ़ाई नहीं होती तो पूजा–पाठ कैसे हो सकता है? |
| बा | – | चल अन्दर दर्शन कर ले। |
| मोहन | – | बा, तुम कहोगी तो मैं चल चलूँगा। पर मेरा मन नहीं करता। जगह–जगह गंदगी के ढेर बा, तुम बताओ ऐसी गंदगी में भगवान कैसे रहते होंगे? |
| बा | – | रोज तू यही सब बेसिर–पैर की बातें करता है। |
| उका | – | मोहन बाबू, बा बहुत अच्छी है। तुम उनकी बात क्यूँ नहीं मानते? |
| मोहन | – | मैंने बा की कौनसी बात नहीं मानी। |
| उका | – | नहीं, भैया, तुम टालते हो। दीवान साहब को पता चलेगा तो वे बहुत नाराज होंगे। |
| | | तुम मुझे छूते हो। |

मोहन – तो?

उका – हम तुम्हारी प्रजा है। हमें छूना पाप है।

मोहन – उका तुम मेरे दोस्त हो। जैसे मैं बा को नहीं छोड़ सकता वैसे में तुम्हें नहीं छोड़ सकता।

उका –''यह तुम्हारे लिए ही पाप नहीं। हमारे लिए भी, मेरी बा कहती है। हमारी परछाई से तुम लोगों का धरम बिगड़ जाता है।

मोहन – बा कुछ नहीं कहतीं। मेरे दोस्त तुम हो, तुम मेरे साथ मेरे घर आओगे?

उका – तुम क्यों नहीं समझते, हम नीच हैं।

मोहन – यह तुमसे किसने कहा? वे नीच हैं, जो प्यार को नही समझते। आदमी–आदमी को छूने में कैसा पाप?

उका – तुम बा दिल मत दुखाया करो।

मोहन – मैं न माँ का दिल दुखाना चाहता हूँ, न तुम्हारा/पर मैं सबको दुख देने के अलावा कुछ नहीं कर पाता/बा मन्दिर चलने को कहती है। वहाँ की गन्दगी में मेरे पैर पड़ जाते हैं तो बा नहाने भी नहीं देतीं फिर मै। तुम्हें छू लूँ तो बाल्टी भरकर पानी डाले बिना घर में घुसने नहीं देती। उन्हें यह भी गलत लगता है/मुझे सब कुछ गलत लगता है। तुम भी मुझे गलत समझते हो। (उका मोहन को सांत्वना देने को उसकी तरफ बढ़ता है/लेकिन ठिठक जाता है। मोहन आगे बढ़कर उसे गले लगा लेता है)

**111. ''मैंने बा की कौनसी बात नहीं मानी'' यह कथन किसने किससे कहा?**

1. उका ने माँ से
2. बाँ ने उका से
2. मोहन ने उका से
4. बा ने मोहन से

**112. इस वार्तालाप में मोहन के कथन से क्या शिक्षा मिल रही है?**

1. छुआ–छूत को दूर करना
2. सती प्रथा को हटाना
2. छुआ–छूत को बढ़ाना देना
4. पूजा–पाठ करना

**113. ''बा, तुम कहोगी तो मैं चला चलूँगा।'' कथन में'' रेखांकित शब्द का अर्थ है।**

1. उका
2. माँ
3. दीवान
4. बाबू

**114. 'दोस्त' शब्द के पर्यायवाची कौनसे हैं?**

1. मित्र, जलचर, आदमी
2. सहचर, सखा, खग
2. दोस्त, चार, रब
4. सखा, मित्र, सहचर

**115. "हमें छूना पाप है।" यह वाक्य किस प्रकार का है?**

1. साधारण वाक्य
2. संयुक्त वाक्य
2. मिश्रित वाक्य
4. संयुक्त और मिश्रित वाक्य

**116. "रोज तू यही सब बेसिर–पैर की बातें करता है।" वाक्य में रेखांकित मुहावरें का अर्थ है।**

1. बिना पैर की बातें करना
2. सही बात करना
2. निरर्थक बातें करना
4. सार्थक बातें करना

**117. भगवान के दर्शन करने से क्या होता है?**

1. मन में ग्लानि आती है।
2. मन पवित्र होता है।
2. पूजा की थाली गिर जाती है।
4. पढ़ाई नहीं होती है।

**118. मोहन का दोस्त कौन है?**

1. दीवान
2. बा
3. उका
4. भगवान

**119. यह गद्यांश किस समस्या पर आधरित है?**

1. गरीबी पर
2. छुआछूत पर
3. भ्रष्टाचार पर
4. ये सभी

**120. 'गले लगाना' मुहावरे का अर्थ है–**

1. मिलना
2. एक होना
3. प्यार करना
4. गला काटना

**नीचे दिए गए संवाद को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (121 से 130 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

राजा विश्वजीत अपनी प्रजा को अत्यधिक प्रेम करते थे। एक बार उनके किसी नागरिक का कैवर्त सम्राट तोमराज ने अपमान कर दिया। विश्वजीत ने सेना लेकर कैवर्त पर आक्रमण कर दिया और राज्य के बाहर घेर डाल दिया। कैवर्त के प्रसिद्ध पंडित संत देवलाख वहाँ से गुजर रहे थे तो उनके सैनिकों ने उन्हें गुप्तचर समझकर बंदी बना लिया। राजा विश्वजीत ने उन्हें प्राणदंड की सजा सुनाई। अगले दिन यह समाचार कैवर्त नरेश तक पहुँचा तो केवर्त नरेश तोमराज अपने मंत्रिमंडल को लेकर उनके सम्मुख पहुँचे और राजा विश्वजीत से बोले– "महाराज! संभव है कि हम लोगों के मध्य युद्ध वर्षों चले, पर हम आज अपके सम्मुख समर्पण करते हैं। मात्र एक शर्त है कि आप संत देवलाख को मुक्त

कर दें।'' राजा विश्वजीत ने ऐसा करने का कारण पूछा तो तोमराज बोले– 'राजन् ! संत राष्ट्र की आत्मा होते हैं। उनके साथ रहने पर हम पुनः राष्ट्र खंड़ा कर लेंगे, पर उनके बिना राष्ट्र का होना भी मूल्यविहीन होगा।'' उनकी बातों ने राजा विश्वजीत के ह्रदय को छू लिया और संत को मुक्त कर तोमराज को ह्रदय से लगा लिया।

**121. राजा विश्वजीत ने किन्हें प्राणदंड सुनाया–**

1. कैवर्त सम्राट को
2. किसी नागरिक को
3. सैनिक को
4. संत देवलाख को

**122. कैवर्त सम्राट कौन था –**

1. विश्व
2. देवलाख
3. तोमराज
4. महाराज

**123. राजा विश्वजीत ने तोमराज को ह्रदय से क्यों लगाया?**

1. संत के बिना राष्ट्र मूल्यविहीन होगा।
2. विश्वजीत के सम्मुख समर्पण करने से।
3. तोमराज विश्वजीत का मित्र था।
4. तोमराज का संत के प्रति आस्था न होना।

**124. ''यह समाचार कैवर्त नरेश तक पहुँचा'' कौनसा समाचार कैवर्त नरेश तक पहुँचा–**

1. विश्वजीत का प्रजा के प्रति प्रेम
2. नागरिक का अपमान
3. संत देवलाख को प्राणदंड की सजा
4. कैवर्त पर आक्रमण

**125. 'अत्यधिक' शब्द का संधि विच्छेद होगा –**

1. अति + अधिक
2. अत्य + अधिक
3. अति + धिक
4. अति + आधिक

**126. 'मूर्ख' शब्द का विपरीतार्थ चुनिए –**

1. महाराज
2. प्रसिद्ध
3. राजा
4. पंडित

**126. ''देवलाख वहाँ से गुजर रहे थे'' यह वाक्य किस काल का है –**

1. वर्तमान काल
2. भूतकाल
3. भविष्यकाल
4. हेतु हेतुमद् वर्तमान काल

**127.** **'राजन्' शब्द में 'न' वर्णपर ( ् ) लगे चिह्न को क्या कहते हैं?**

1. विसर्ग
2. अनुस्वार
2. चंद्रबिंदु
3. हलंत

**128.** **"महाराज! संभव है कि हम लोगों के मध्य युद्ध वर्षों चले।' वाक्य में प्रयुक्त ! चिह्न को कहा जाता है –**

1. विस्मयादिबोधक
2. अल्पविराम
3. पूर्ण विराम
4. अर्द्धविराम

**129.** **पद्यांश में संतों को कहा गया है –**

1. साधु
2. राष्ट्र की आत्मा
3. राष्ट्र का गौरव
4. ऋषि

**130.** **पद्यांश में 'राष्ट्र' शब्द से आशय है –**

1. देश
2. राज्य
3. प्रांत
4. राजधानी

**नीचे दिए गए कवितांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (131 से 140 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

पात नये आ गये
टहनी के टूटे पतरा गये
पकड़ी के पात नये आ गये
नया रंग रेशों से फूटा
वन भींज गया
दुहरी यह कूक, पवन झूमा
मन भींज गया
डाली–डाली स्वर छितरा गये
पात नये आ गये
कोर दीढियों की कडुवासयी
रंग छूट गया
बाट जोहते आँखे आयीं
दिल टूट गया
राहों में राही पथरा गये
पात नये आ गये।

**131. कविता में किस ऋतु का वर्णन है?**

1. ग्रीष्म ऋतु
2. वर्षा ऋतु
3. वसंत ऋतु
4. शरद ऋतु

**132. निम्नलिखित में से किसके पेड़ पर नए पत्ते आ गए हैं?**

1. आम
2. पकड़ी
3. नीम
4. पीपल

**133. 'स्वर छितरा गये' का क्या तात्पर्य है?**

1. स्वर बेसुरा हो गया है।
2. स्वर में मधुरता आ गई है।
3. स्वर कंठ में फैल गया है।
4. चारों ओर स्वर गूँज रहे हैं।

**134. कवि की आँखे क्यों दुःखने लगी हैं?**

1. सौंदर्य देखते–देखते
2. पेड़ों की नई पत्तियाँ देखकर
3. दिल टूट जाने से
4. किसी का इंतजार करते रहने से।

**135. इनमें कौन–सा शब्द 'राही' का पर्यायवाची नहीं हैं?**

1. पाथिक
2. डगर
3. यात्री
4. बटोही

**136. इनमें कौन–सा शब्द 'पात' का पर्यायवाची है?**

1. पाथिक
2. डगर
3. यात्री
4. पत्ता

**137. इनमें कौन–सा शब्द पेड़ का अंग नहीं है?**

1. शाखा
2. पत्र
3. तना
4. जड़

**138. इनमें से भींजना का अर्थ है?**

1. भागना
2. भेजना
3. भीगना
4. भोजन

**139. 'पवन झूमा' का आशय है?**

1. पवन के हिलनक से
2. पवन के बहने से
3. पवन के रुकने से
4. पवन के प्रदूषित होने से

**140. 'रंग छूटना' का मतलब है?**

1. रंग उड़ना
2. प्रभाव कम होना
3. प्रभाव समाप्त होना
4. प्रभाव बढ़ना

**निर्देशः— निम्नलिखित पहेलियों (141 से 144 तक) के उत्तर चुनिए —**

141. मैं हरी, मेरे बच्चे काले, मुझे छोड़ मेरे बच्चे खाले।

1. केला
2. इलायची
3. आम
4. हरी मिर्च

**142. सुबह सुबह ही आता हूँ, दुनिया की खबरें लाता हूँ। सबको रहता मेरा इंतजार, हर कोई करता मुझसे प्यार।**

1. कबूतर
2. सब्जीवाला
3. अखबार
4. दूधवाला

**143. ना कभी किसी से किया झगड़ा, ना कभी करी लड़ाई,**
**फिर भी होती रोज पिटाई।**

1. बालक
2. ढोलक
3. पड़ोसी
4. भैंस

**144. मैं गहरी छाया का राजा, बेकार होती लकड़ी ताजा, कुल तीन अक्षर का नाम आता, प्रथम कटे अक्षर का नाम आता।**

1. बादाम
2. सिरस
3. पीपल
4. शीशम

**145. गुण संधि का कौन–सा उदाहरण नहीं है?**

1. नरेंद्र
2. सदैव
3. नरेश
4. महेंद्र

**146. 'कूप' शब्द का तद्भव रूप है –**

1. तालाब
2. कूपा
3. कुआँ
4. बावड़ी

**147. 'आखर' शब्द का तत्सम रूप होगा –**

1. आँख
2. अक्ष
3. अक्षर
4. अक्षि

**148. किन वर्णों का उच्चारण नासिका के सहयोग से किया जाता है?**

1. श ष स ह
2. य र ल ब
3 प फ ब भ
4. ङ म ण न

**149. मूर्धन्य ध्वनियाँ हैं?**

1. य र ल व
2. ट ठ ड ढ
3 क ख ग घ
4 प फ ब भ

**150. अनुनासिक का उदाहरण है?**

1. अंत
2. कांता
2. धन्य
4 चाँद

**नीचे दिए गए कवितांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (151 से 155 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

झब्बर–झब्बर बालों वाले
गुब्बारे से गालों वोल
लगे दौड़ने आसमान में

झूम–झूम कर बाले बादल।
कुछ जोकर–से तोंद फुलाए
कुछ हाथी–से सूंड उठाए
कुछ ऊँटो–से कूबड़ वाले
कुछ परियों–से पंख लगाए
आपस में टकराते रह–रह
शेरों से मतवाले बादल।
कुछ तो लगते हैं तूफानी
कुछ रह–रह करते शैतानी
कुछ अपने थैलों से चुपके
झर–झर–झर बरसाते पानी
नहीं किसी की सुनते कुछ भी
ढोलक–ढोल बजाते बादल।

**151. झब्बर–झब्बर बालों वाले किसे कहा है?**

1. ऊँटों को
2. हाथी को
3. काले बादल को
4. परियों को

**152. 'कूबड़' वाला पशु कौनसा है?**

1. शेर
2. हाथी
3. गधा
4. ऊँट

**153. प्रस्तुत कविता में किस पशु का नाम नहीं आया –**

1. गधा
2. ऊँट
3. शेर
4. हाथी

**154. 'बादल पानी बरसाते हैं' बरसते पानी की आवाज कैसी है?**

1. दम–दम
2. सर–सर
3. झर–झर
4. थप–थप

**155. बादल किस वाद्य को बजा रहे हैं?**

1. हारमानियम
2. ढोलक–ढोल
3. पायल
4. ढोल–नंगाडा

**156.** **निम्नलिखित शब्द समूह में से किसमें आसमान के सभी पर्याय शब्द हैं –**

1. जलद, व्योम, अम्बर, नभ, गगन।
2. गगन, अम्बर, नभ, वारिद, व्योम।
3. नभ, गगन, अम्बुद, जलद, अम्बर।
4. अम्बर, नभ, गगन, व्योम, आकाश।

157. ''रमन प्रतिदिन विद्यालय जाता है।'' वाक्य में अव्ययीभाव समास का पद कौनसा है?

1. रमन
2. प्रतिदिन
2. विद्यालय
4. जाता

**158.** **''पीताम्बर'' शब्द का समास विग्रह होगा।**

1. पीत अम्बर वाला
2. पीत है अम्बर जिसका वह
3. पीला वस्त्र है जिसका
4. पीला वस्त्र वाला

**159.** **किस समास में पहला पद संख्यावाचक होता है?**

1. द्वन्द्व समास
2. द्विगु समास
2. कर्म धारण
4. तत्पुरूष

**160.** **''तीन भवनों का समूह'' का सामासिक पद होगा।**

1. तिराहा
2. त्रिफला
2. त्रिभुवन
4. त्रिकोण

**161.** **''दश हैं आनन जिसके'' पद में किस की ओर संकेत किया है ?**

1. कृष्ण
2. महादेव
3. कंस
4. रावण

**162. 'पेड <u>पर </u>चिड़िया बैठी है' रेखांकित पद में प्रयुक्त कारक है।**

1. करण कारक
2. सम्बन्ध कारक
2. अधिकरण कारक
4. कर्ता कारक

**163. चित्रानुसार निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अपादान कारक प्रयुक्त हुआ है?**

1. पत्ते का रंग हरा है।
2. पेड़ से पत्ता गिरा
3. पेड़ पर पत्तियाँ हैं
4. पेड़ के नीचे पत्तियाँ हैं

**164. ''पेड़ <u>का</u> तना बड़ा है।'' वाक्य में रेखांकित पद में कौनसा कारक है?**

1. सम्बन्ध कारक
2. करण कारक
3. कर्म कारक
4. सम्प्रदान कारक

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न सं 165 से 172 तक में सही उत्तर पर गोला लगाएँ –**

साँप बोला– ''आकाश! आकाश को लेकर में क्या चाटूँगा। आकाश में आखिर रखा क्या है? क्या मैं तुम्हारे आकाश में रेंग सकता हूँ। ना भाई, तुम्हारा आकाश तुम्हें ही मुबारक, मेरे लिए तो यह गुफा भली। इतनी आरामदेह और सुरक्षित जगह और कहाँ होगी?

साँप मन ही मन बाज की मूर्खता पर हँस रहा था। वह सोचने लगा कि आखिर उड़ने और रेंगने के बीच कौन–सा भारी अंतर है। अंत में तो सबके भाग्य में मरना ही लिखा है शरीर मिट्‌टी का है, मिट्‌टी में ही मिल जाएगा।

**165. ''साँप बोला आकाश<u> ! </u>'' वाक्य में रेखांकित चिह्न है –**

1. प्रश्नवाचक
2. विस्मयादिबोधक
2. उद्धरण चिह्न
4. कोई नहीं

**166. ''अम्बर'' का पर्यायवाची शब्द है –**

1. पटु
2. प्रसून
3. आकाश
4. उपर्युक्त सभी

**167. साँप के लिए सुरक्षित और आरामदेह जगह कौनसी है?**

1. गुफा
2. मन्दिर
3. आकाश
4. पाताल

**168. 'साँप मन ही मन ............. मूर्खता पर हँस रहा था।' रिक्त स्थान का पूर्ति कीजिए।**

1. बाज की
2. आकाश की
2. गुफा की
4. शरीर की

**169. साँप के कथनाुनसार शरीर .............. है।**

1. मिट्‌टी का
2. सोने का
2. चाँदी का
4. उपर्युक्त सभी का

**170. जैसे– 'उड़ना और रेंगना' में द्वन्द्व समास है, उसी प्रकार ''फलफूल'' में समास है।**

1. द्विगु
2. अव्ययी भाव
3. द्वन्द्व
4. बहुब्रीहि

**171.** **"<u>तुम्हारा</u> आकाश तुम्हें मुबारक" वाक्य में रेखांकित शब्द हैं ।**

1. अव्यय
2. उपसर्ग
3. सर्वनाम
4. संज्ञा

**172.** **"शरीर मिट्‌टी का है, मिट्‌टी में <u>ही</u> मिल जाएगा" वाक्य में रेखांकित शब्द है।**

1. विशेषण
2. अव्यय
2. समास
4. सन्धि

**173.** **निम्नलिखित में से किस वाक्य में "कमर कसना" मुहावरे का अर्थ प्रयुक्त हुआ है।"**

1. मोहन ने आज ही अपना कार्य प्रारम्भ किया है।
2. अर्द्धवार्षिक परीक्षा नजदीक होने से छात्रों ने पूरी तैयारी कर ली है।
3. राम उसके पिता की इकलौती सन्तान है वही कुल का दीपक है।
4. मदन ने गणेश द्वारा काम बिगाडने पर उसे लताड़ लगाई।

174. **"कृष्ण ने राधा को प्रथम बार देखा, उसका राधा से प्रेम हो गया।" वाक्य में कौनसा मुहावरा उपयुक्त है–**

1. आँखें लाल होना।
2. आँखों में चर्बी छाना।
3. आँखें चार होना।
4. आँख का तार होना।

**175.** **"आटे दाल के भाव पता चलना' मुहावरे के लिए निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य उपयुक्त है।**

1. सुरेश को दुकान पर जाने से आटे व दाल का भाव पता चला।
2. लोग बाजार से कुछ भी खरीद लाते है किन्तु राम लाल आटे दाल का भी भाव पता कर खरीदता है।
3. काशीराम की दुकान पर आटे दाल के भाव लिखे हैं।
4 बेरोजगारी के चलते राकेश को अब रुपयों का महत्त्व पता चला।

**नीचे दिए गए कवितांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (176 से 185 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

**बसो मोरे नैनन में नंदलाल।**

**मोहनी मूरत सांवरी सूरत, नैना बने विसाल।**

**अधर सुधारस मुरली राजत, उर बैजंती माल।**

**छुद्र घंटिका कटि तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।**

**मीरा प्रभु संतन सुखदाई, भगत बछल गोपाल।**

**प्रश्न–176 मीरा श्री कृष्ण को कहाँ बसाना चाहती हैं–**

1 सिर पर
2 आँखों में
3 घर में
4 मुरली पर

**प्रश्न–177 यहाँ नंदलाल कौन हैं–**

1 श्रीराम
2 श्रीकृष्ण
3 उद्धव
4 मीरा

**प्रश्न–178 श्री कृष्ण के पैरों में बजने वाले घुंघरू की ध्वनि है–**

1 नशीली
2 रसीली
3 भड़कीली
4 बोझिल

**प्रश्न–179 मीरा मूलतः किस राज्य की हैं–**

1 दिल्ली की
2 राजस्थान की
3 गुजरात की
4 उत्तर प्रदेश की

**प्रश्न–180 श्री कृष्ण किस वाद्य यंत्र को बजा रहे हैं–**

1 शंख
2 मुरली
3 बाजा
4 चंग

**प्रश्न–181 श्री कृष्ण किस प्रवृत्ति के हैं–**

1 लालची
2 भक्त वत्सल
3 भक्त शिरोमणि
4 पीड़ादायक

**प्रश्न–182 श्री कृष्ण पर्याय नहीं है–**

1 रणछोड़
2 गोपाल
3 मुरलीधर
4 बंशीराम

**प्रश्न–183 मीरा के प्रभु श्री कृष्ण भक्तों के लिए हैं–**

1 सुरमाई
2 सुखदाई
3 अमराई
4 करुणाई

**प्रश्न–184 श्री कृष्ण के गले में कौनसी माला है–**

1 भक्ति माला
2 बैजंती माला
3 जय माला
4 वर माला

**प्रश्न–185 मीरा का संबंध किस परिवार से था–**

1 घर परिवार से
2 राज परिवार से
3 सामान्य परिवार से
4 कृषक परिवार से

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (186 से 190 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

चंबल, राजस्थान की मुख्य और वर्षवाहिनी नदी है। यह राज्य के विभिन्न उद्योगों की रीढ़ भी है। इसका प्रवाह राज्य के मुख्यतः पूर्वी भाग में है। चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर आदि जिलों के भू–भाग को यह हरा–भरा रखती है। इसका उद्गम स्थान मध्यप्रदेश है और यह यमुना की सहायक नदी है। इसे चर्मण्यवती भी कहा जाता है। सच में यह राजस्थान के जनजीवन की आधार रेखा है।

**प्रश्न–186 वर्षवाहिनी का अर्थ है–**

1 मोटर वाहिनी
2 वर्षभर बहने वाली
3 जिलेभर में बहने वाली
4 राज्यभर में बहने वाली

**प्रश्न–187 चंबल का प्रवाह क्षेत्र है–**

1 पूर्वी राजस्थान
2 मध्य राजस्थान
3 उत्तरी राजस्थान
4 संपूर्ण राजस्थान

**प्रश्न–188 चंबल नदी किस नदी की सहायक है–**

1 गंगा नदी की
2 यमुना नदी की
3 चंबल नदी की
4 बनास नदी की

**प्रश्न–189 राजस्थान की आधार रेखा कहा गया है–**

1 गंगा नदी को
2 यमुना नदी को
3 चंबल नदी को
4 बनास नदी को

**प्रश्न–190 चंबल नदी किस राज्य में प्रवाहित होने के बाद राजस्थान में प्रवेश करती है–**

1 उत्तर प्रदेश में
2 मध्यप्रदेश में
3 दिल्ली में
4 हरियाणा में

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों (191 से 200 तक) के सही विकल्प पर गोला बनाइए।**

आधुनिक तकनीक की महान खोज है कम्प्यूटर। ये एक सामान्य मशीन है जो अपनी मेमोरी में ढ़ेर सारे डाटा को सुर क्षत रखने की दक्षता रखता है। ये इनपुट (जैसे की-बोर्ड) और आउटपुट( प्रंटर) के इस्तेमाल से काम करता है। ये इस्तेमाल करने में बेहद आसान है इस लये कोई बच्चा भी इसपर काम कर सकता है। ये बहुत ही भरोसेमंद है जिसे हम अपने साथ रख सकते है और कहीं भी और कभी भी प्रयोग कर सकते है। इससे हम अपने पुराने डेटा में बदलाव के साथ नया डेटा भी बना सकते है। कंप्यूटर एक नई तकनीक है जो कार्यालय , बैंक, शक्षण संस्थान आदि में उपयोग कया जाता है।

**प्रश्न–191 आधुनिक तकनीक की महान खोज है–**

1 तकनीकी
2 कम्प्यूटर
3 की–बोर्ड
4 पिंटर

**प्रश्न–192 कम्प्यूटर एक –**

1 तकनीकी है।
2 कम्प्यूटर है।
3 मशीन है।
4 पिंटर है।

**प्रश्न–193 आधुनिक तकनीक की महान खोज है–**

1 तकनीकी
2 कम्प्यूटर
3 की–बोर्ड
4 पिंटर

**प्रश्न–194 आधुनिक तकनीक की महान खोज है–**

1 तकनीकी
2 कम्प्यूटर
3 की–बोर्ड
4 पिंटर

**प्रश्न–195 इनपुट डिवाइस है–**

1 केबल
2 मोनीटर
3 की–बोर्ड
4 पिंटर

**प्रश्न–196 कम्प्यूटर के बारे में गलत तथ्य है–**

1 कम्प्यूटर, भरोसेमंद है।
2 कम्प्यूटर, उपयोगी है।
3 कम्प्यूटर, मशीन है।
4 कम्प्यूटर, अनुपयोगी है।

**प्रश्न–197 'मेमोरी' का हिंदी अर्थ है–**

1 मोर
2 स्मृति
3 संग्रह
4 तकनीकी

**प्रश्न–198 कम्प्यूटर चलाना है–**

1 कठिन
2 आसान
3 असंभव
4 चुनौती है

**प्रश्न–199 डेटा (Data) का अर्थ है–**

1 आकलन
2 आंकडे
3 डेटा केबल
4 दिनांक

**प्रश्न–200 किस मशीन की सहायता से पुराने डाटा में बदलाव किया जा सकता है–**

1 कम्प्यूटर की
2 मोनीटर की
3 की–बोर्ड की
4 पिंटर की